पंकज जैन, आई.ए.एस.

सचिव
भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
247, 'ए' विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011
दूरभाष:23061207, 23061245 फैक्स:23062715
ई-मेल: secydws@nic.in
वेबसाइट: www.ddws.nic.in

अ.शा. पत्र सं. डब्ल्यू-11013/13/2014-एनबीए
दिनांक: 14/10/2014

प्रिय मुख्य सचिव,

विषय: स्वच्छ भारत मिशन के तहत बाल स्वच्छता मिशन की शुरूआत।

जैसा कि आपको विदित है, माननीय प्रधान मंत्री जी ने 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन के रूप में एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पहल की शुरूआत की है। स्वच्छ भारत मिशन देश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में, सभी कार्य क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों, घरों और खुले में शौच मुक्त स्थिति को समाप्त करने में स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित करता है। इस हेतु माननीय प्रधान मंत्री ने देश के प्रत्येक नागरिक को इस लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर व्यक्तिगत और सामूहिक प्रचार करने को कहा है।

2. वर्ष 2019 तक स्वच्छ भारत प्राप्त करने में बच्चे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यदि बच्चों को स्वयं को साफ रखने, अपने घरों, स्कूलों और अपने आस-पास के वातावरण को साफ रखने के लिए प्रेरित किया जाए और स्वच्छता के महत्व पर सही संदेश दिया जाए तो वे न केवल देश में स्वच्छता की स्थिति में सुधार करने की ओर अपना योगदान देगें वरन् अपने घरों और समुदायों में स्वच्छता के दूत बनकर भी योगदान दे सकेंगे। इसी संदर्भ में बाल दिवस के मौके पर 14 नवंबर, 2014 को एक बाल स्वच्छता मिशन की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया जिसमें बच्चों को व्यक्तिगत साफ-सफाई और सुरक्षित स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं में संवेदन शील बनाकर उन्हें शामिल किया जाएगा। बाल स्वच्छता मिशन के लिए छह मुख्य थीम होंगे। ये हैं:-

(i) स्वच्छ स्कूल और आँगनवाडी
(ii) स्वच्छ वातावरण अर्थात् खेल कूद के मैदान
(iii) स्वयं की स्वच्छता
(iv) स्वच्छ भोजन

(v) स्वच्छ पेयजल

(vi) स्वच्छ शौचालय

ऐसा प्रस्तावित किया गया है कि 14-19 नवंबर, 2014 (6 दिन) में से प्रत्येक दिन उपरोक्त में से एक थीम पर संपूर्ण देश में ध्यान केंद्रित किया जाएगा। थीम से जुड़ी गतिविधियाँ उस दिन आयोजित की जाएँगी। राज्यों को अनुरोध किया जाता है कि वे स्कूली शिक्षण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शहरी विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, सूचना और प्रचार-प्रसार विभाग आदि सहित सभी संबंधित विभागों के माध्यम से तैयारी संबंधी कार्य करें ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि वे गतिविधियाँ प्रत्येक स्कूल और आँगनवाडी में आयोजित हों। बाल स्वच्छता मिशन से संबंधित आयोजन राज्य, जिला और ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तरीय समारोहों में किए जा सकते हैं।

4. यह इंगित किया जाता है कि सप्ताह का समापन 19 नवंबर, 2014 को विश्व शौचालय दिवस के साथ होगा, अत: इस प्रकार से खुले में शौच की समाप्ति का संदेश फैलाने का अवसर दिया जाता है।

5. देश के सभी बच्चों द्वारा इस अवसर पर ली जाने वाली शपथ तैयार की जा रही है और शीघ्र ही सभी राज्यों को परिचालित की जाएगी।

6. यह अनुरोध किया जाता है कि राज्य सरकारें इस अवसर पर उपर्युक्त कार्यक्रमों को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करें और अधिकतम लोकप्रियता दिलाए और साथ ही बाल स्वच्छता मिशन और उसके सप्ताह भर के लंबे कार्यक्रम में भारी भागीदारी सुनिश्चित करें।

सादर,

भवदीया,

(विजयलक्ष्मी जोशी)

सभी राज्यों के मुख्य सचिव/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन